NIOS/Acad./2020/201/02/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम हिंदी -

पाठ-1 :दोहे

कार्यपत्रक-1

1. अपने अनुभव के आधार पर लिखिए कि गुरु किस प्रकार शिष्य के व्यक्तित्व को बनाता है।
2. रहीम के दोहे के अनुसार मेंढक के बोलना शुरू कर देने पर कोयल मौन साध लेती है ? आपकी दृष्टि में क्या यह सही है ? तर्क सहित स्पष्ट करें।
3. प्रेम और वैर छिपाने से नहीं छिपते अपने अनुभव के आधार पर व्यक्त कीजिए।
4. 'ऊँचे कुल का जनमिया' दोहे में 'कुल' और 'करनी' में से किसे अधिक महत्त्व दिया गया है ? आप इससे सहमत है अथवा नहीं। तर्क सहित उत्तर दें।
5. कबीर के अनुसार निंदक महत्वपूर्ण है क्योंकि वह स्वभाव को निर्मल करता है। क्या आज के समय में भी यह दोहा प्रासंगिक है ? अपने अनुभव के आधार पर तर्क दें।
6. वृंद के एक दोहे के अनुसार 'करत - करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान'। क्या आप इस दोहे से सहमत हैं ? अपनी सहमति या असहमति को पुष्ट करने के लिए अपना कोई अनुभव साझा करें।
7. रहीम के दोहे के अनुसार मेंढक के बोलना शुरू कर देने पर कोयल मौन साध लेती है ? आपकी दृष्टि में क्या यह सही है ? तर्क सहित स्पष्ट करें।
8. कबीर एक दोहे में कहते हैं - 'दोऊ हाथ उलीचिए,यही सयानो काम'। वर्तमान समाज में यह दोहा कितना उपयोगी हो सकता है ?
9. 'दोहे' पाठ में से आपका सबसे पसंदीदा दोहा कौन सा है ? कारण देकर स्पष्ट करें।
10. वृंद के दोहे के अनुसार व्यक्ति के नैन उसके हृदय के हित और अहित को स्पष्टता से व्यक्त कर देते हैं। इस कथन के प्रति अपनी सहमति अथवा असहमति उदाहरण देकर स्पष्ट करें।